

# उमेश पाल की मौत में पत्नी ने हत्या का संदेह जताया

**एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं, परिवार ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 जनवरी।** ग्राम उकावल निवासी उमेश पाल की पत्नी अंगूरी पाल ने अपने पति की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। शनिवार को पीड़ित परिवार पाल बघेल समाज के सैकड़ों सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की।

अंगूरी पाल ने आरोप लगाया है कि 19 दिसंबर 2025 को दोपहर में गांव के मुंशी रघुवंशी और जितेंद्र रघुवंशी उनके पति उमेश पाल को शराब पिलाने के बहाने अपने साथ ले गए थे। इसके लगभग 24 घंटे बाद उमेश पाल का शव शिवपुरी के पीएम हाउस में मिला। परिजनों के अनुसार, उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि शव शिवपुरी कैसे पहुंचा, जबकि मृतक की बाइक आरोपी मुंशी रघुवंशी के घर मिली थी। घटना के बाद से मुंशी रघुवंशी फरार है, जबकि दूसरा आरोपी जितेंद्र रघुवंशी गांव में ही मौजूद बताया जा रहा है। परिजनों का यह भी आरोप है कि घटना वाले दिन शाम करीब 8 बजे जितेंद्र रघुवंशी ने उमेश पाल के मोबाइल फोन से उनके भतीजे विनोद पाल को गाली-गलौज की थी। इस बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उनके पास उपलब्ध है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने से परिवार में गहरा रोष है। ग्राम उकावल में हुई इस संदिग्ध मौत को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन मामला अब भी अनसुलझा है। पीड़ितों का आरोप है कि मर्ग जांच में हो रही देरी के कारण आरोपियों को सबूतों से छेड़छाड़ का अवसर मिल सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए संजय मिश्रा को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार के बयान तत्काल दर्ज किए जाएं और आवश्यक कार्रवाई की जाए। एसडीओपी संजय मिश्रा ने बताया कि 19 जनवरी को परिजनों को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम रिपोर्ट, कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## जिला महामंत्री के खरई आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाल ही में घोषित जिला कार्यकारिणी के अंतर्गत योगेंद्र रघुवंशी को जिला महामंत्री तथा सोनू राजावत को जिला सह-कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला महामंत्री बनाए जाने के पश्चात योगेंद्र रघुवंशी का पहली बार खरई आगमन हुआ, जिस पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। खरई पहुंचने पर भाजपा नेता नरोत्तम सुख्खूराम वर्मा के निवास पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, वहीं आतिशबाजी कर खुशी का इज़हार किया गया। इस अवसर पर खरई क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जिला महामंत्री योगेंद्र रघुवंशी एवं जिला सह-कार्यालय प्रभारी सोनू राजावत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष कुबेर धाकड़, हरिशंकर धाकड़, रामनिवास शुक्ला, श्रीनिवास कार्या, गोलू सोनी, रमेश राठौर, माखन शर्मा, सुखदेव कार्या, शक्ति वर्मा, मेहरबान यादव एवं सियाराम पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा , 576 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार तथा जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में विकासखंड कोलारस में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन बीआरसीसी के.पी. जैन के कुशल नेतृत्व में, ओलंपियाड प्रभारी बीएसी गजेन्द्र धाकड़ एवं केन्द्राध्यक्ष राकेश कुलश्रेष्ठ के निर्देशन व क्रियान्वयन में संपन्न हुआ। क्षेत्र के 169 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से पंजीकृत कुल 578 छात्र-छात्राओं में से 576 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा की जानकारी देते हुए ब्लॉक नोडल अधिकारी एवं बीआरसीसी के.पी. जैन ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य कक्षा 3 से 8 तक की ब्लॉक स्तरीय परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय ओलंपियाड में सम्मिलित कर राज्य स्तर तक पहुँचाना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना है। यह एक प्रतियोगी साक्षरता आधारित परीक्षा है, जिसमें विद्यार्थियों को ओएमआर शीट प्रदान की जाती है। शासन द्वारा विद्यार्थियों के आवागमन हेतु वाहन व्यवस्था एवं अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा का वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ। ओलंपियाड परीक्षा के सफल आयोजन में जनशिक्षक प्रदीप नरवरिया, धर्मेन्द्र जैन, दीपक गुप्ता, विसुनलाल, संजीव पाराशर, रणवीर सिंह, गजेन्द्र कुशवाह, महेन्द्र वर्मा, गौरव शर्मा, साजिद खान, मानसिंह, प्रमोद शर्मा, सुरेश त्यागी सहित प्रभारी बीएसी गजेन्द्र धाकड़, बीएसी श्रीनिवास शर्मा, अरविन्द सागर, दीपक भगोरिया, सुरेन्द्र लोधी, अविनाश भार्गव, राजाभैया यादव, जगदीश जाटव, विजय सिंह जाटव, ओमप्रकाश धाकड़, सुभाष कुशवाह, रवि रघुवंशी, केशव उपमन्यु, नेहा मिश्रा, राधा सोनी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## बिजरावन गांव में मिली अपहृत नाबालिग बालिका,दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 17 जनवरी।** शिवपुरी जिले की इन्दार थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को बदरवास थाना क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर अपराध में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर सख्त रुख को दर्शाती है। पुलिस के अनुसार फरियादी ने थाना इन्दार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 दिसंबर 2025 को उसकी 16 वर्ष 9 माह की नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर घर से ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन तथा एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में इंदार थाना प्रभारी दिनेश नरवरिया को विशेष टीम गठित कर बालिका की शीघ्र दस्तयाबी के निर्देश दिए गए। गठित टीम ने लगातार प्रयास, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र के आधार पर 15 जनवरी 2026 को ग्राम विजरावन थाना बदरवास क्षेत्र से अपहृत बालिका को सकुशल बरामद किया। पूछताछ में पीड़िता ने आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण एवं बलात्कार किए जाने की जानकारी दी। इसके आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64 बीएनएस तथा 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। 17 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मचपाल उर्फ आशीष आदिवासी (19), निवासी ग्राम खैरोना, थाना रन्नौद, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 33 एमयू 2582 भी जप्त की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया, सउनि शत्रुघ्न सिंह भदौरिया, प्रआर जितेन्द्र सिंह जाट, प्रआर.वहीद खांन, प्रआर हरीसिंह, प्रआर विक्रमसिंह, प्रआर रवि कन्नौजी, आर. नेपालसिंह भील, आर. दिलीप शाक्य, आर. आनन्द भार्गव, आर.चालक शीलेन्द्र फौजदार, आर.चालक रणवीर थाना कोलारस की सराहनीय भूमिका रही।

## सरसों फसल को माहू कीट से बचाएं



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 जनवरी।** कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के वैज्ञानिकों द्वारा सरसों की फसल में माहू कीट जिससे मोयला के नाम से भी किसान भाई जानते हैं के बारे में सामयिक परामर्श दिया गया है। माहू कीट का संभवत: कहीं-कहीं प्रकोप सरसों की फसल में वर्तमान मौसम स्थिति को देखते हुए हो सकता है। शिवपुरी जिले में रबी की प्रमुख तिलहनी फसल सरसों में माहू कीट से बचाव और नियंत्रण के लिए किसान सरसों फसल की निगरानी खेत पर जाकर करें। कहीं-कहीं फसल पर माहू कीट शुरुआत में खेत के किनारों पर ही दिखाई देता है और तीव्रता से वृद्धि कर अपने बच्चे देकर फसल के फूल और पुष्पक्रम से रस चूस कर उपज में क्षति करता है। फसल को माहू (मोयला) से बचाव के लिए अधिक तीव्रता से चिपके हुए माहू कीट वाली सरसों की डंडियों को तोड़कर एक बोरे में डालकर नष्ट करें या भूमि में दबा दें। रासायनिक कीटनाशकों में से इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. की 0.4 मिली.या थायो मिथाक्जाम 25 डब्ल्यू पी. की 0.4 ग्राम या डाइमिथोएट 30 ई.सी. की 1.5 मि.ली. प्रति लीटर पानी के मान से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें। एक हेक्टर क्षेत्र में 500 लीटर पानी का प्रयोग दवा के मान अनुसार ही करें। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से संपर्क कर सकते हैं।

## अच्छे काम पर सम्मानित करूंगा तो काम न करने पर दंडित भी करूंगा : कलेक्टर

**कलेक्टर ने ली पंचायत, महिला बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**



**नवभारत न्यूज**
**पिछोर, 17 जनवरी।** जनपद पंचायत पिछोर के प्रांगण में शनिवार कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता मे ग्राम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत सीईओ विजयराज, एसडीएम ममता शाक्य अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन. एस. नरवरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषिश्वर, डी एस जादौन जिला परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास शिवपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में कलेक्टर चौधरी ने विभाग वार समीक्षा करते हुये कहा कि प्रसुताओं की होम डिलीवरी नहीं होनी चाहिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता प्रसुताओं को पीएससी, सीएससी सेंटर पर डिलीवरी हेतु आवश्यक रूप से ले जाएं कलेक्टर ने कहा कि बेहतर काम के लिए अधिकारी कर्मचारी आपस में कम्युनिकेशन बनाए रखें एक दूसरे से काम के प्रति चर्चा करते रहे और संपर्क में रहे यदि होम डिलीवरी आदि लापरवाही के दौरान यदि किसी बच्चे की मौत होती है तो आप लोग पाप के भागीदारी होंगे महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की जानकारी जीरो बैलेंस में होनी चाहिए कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत जॉब कार्डों की समीक्षा के दौरान पाया कि ग्राम पंचायत महोबा डमरोंन, दरगवां, गुरूखुदवाया में 70 से कम काम होने पर सचिव एवं रोजगार सहायकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए वही 100 काम करने वाली दो पंचायत चंदाबनी और नावली को इसी तर्ज पर काम करने के लिए कहा एक बगिया मां के नाम योजना पर सचिव तथा सहायक सचिवों पंचायत बार समीक्षा की और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए इस क्रम में पडोरा और भडोरा पंचायत के सचिवों को संतोष जनक जानकारी न देने पर फटकार लगाई कलेक्टर बोले पिछोर आकांक्षी ब्लॉक है ।

इसलिए 70 प्लस के सभी आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाएं प्रसूति सहायता तथा जननी सहायता योजना के अंतर्गत लगभग 544 ऐसी गर्भवती महिलाएं हैं जिनका अनमोल पोर्टल पर पंजीयन न होने के कारण उनको लाभ नहीं मिल रहा है । कलेक्टर ने कहा इस विषय पर महिला बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर कार्य करें और अच्छे परिणाम दें इस क्रम में महिला बाल विकास सुपरवाइजर मुस्कान के लगातार अनुपस्थित तथा उक्त बैठक में अनुपस्थित होने पर निलंबन करने की कार्वाई करने के निर्देश भी दिए इसके साथ-साथ बडेरा पंचायत के सचिव राधे लाल लोधी को संबल योजना के तहत हितग्राही को लाभ न देने के लिए निलंबन प्रस्ताव बनाने के लिए कहा वहीं पंचायत विभाग के कार्यों को लेकर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में समस्याओं के निराकरण पर तारीफ की और मनरेगा के पुराने कामों के लिए पूर्णत: करने के लिए सब इंजीनियरों को निर्देशित किया वहीं सचिवों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी निर्देशित किया ।

## सतनवाड़ा उपखंड में कल होगा सकल हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 17 जनवरी।** सतनवाड़ा उपखंड अंतर्गत ग्राम सतनवाड़ा कला स्थित प्राचीन खैरे वाले हनुमान जी मंदिर परिसर में 19 जनवरी को सकल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन संतों के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें सतनवाड़ा एवं सुभाषपुरा क्षेत्र के सकल हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन के अवसर पर क्षेत्र के सभी ग्रामों से पारंपरिक कलश यात्राएं निकाली जाएंगी, जो मंदिर परिसर में एकत्रित होंगी। इसके पश्चात संतों द्वारा धर्म, संस्कार और सामाजिक एकता पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत होंगे।

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के

**खैरे वाले हनुमान मंदिर परिसर में संतों के सानिध्य में होगा आयोजन**

रूप में तात्या टोपे स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के हिंदू समाज द्वारा सामूहिक रूप से सहयोग किया जा रहा है। सम्मेलन के अंत में विशाल भोजन-प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

## नागपुर का परित्यक्त बालक नीदरलैंड में बना मेयर

**नागपुर, 17 जनवरी. नीदरलैंड में मेयर भारतीय मूल के फाल्गुन भारत में अपनी जड़ें तलाश करने आये हैं. वह उन अभागे बचों में से हैं, जिनको सगी मां का प्यार नहीं मिला, क्योंकि वह जाड़ों की एक सर्द रात में अपने उस तीन दिन के जिगर के टुकड़े को महाराष्ट्र के नागपुर के एक आश्रम की झोली में डाल कर चली गयी थीं.**

अब 40 साल बाद फाल्गुन अपनी जन्म देने वाली मां की तलाश में यहां भटक रहे हैं. वह मां से मिलकर बताना चाहते हैं कि उनका पुत्र एक शानदार और सम्मान भरी जिंदगी जी रहा है. महाराष्ट्र के नागपुर में फरवरी 1985 में अंबाझरी रोड पर स्थित 'मातृ सेवा संघ' के बाहर एक नवजात को कोई छोड़ गया था. आश्रम के रिकॉर्ड कहते हैं कि उसे छोड़ने वाली महिला 21 वर्षीय अविवाहित थी, जिसके पास कोई सहारा नहीं था. वहां काम करने वाली एक नर्स ने उस बालक का नाम 'फाल्गुन' रखा, क्योंकि उसका जन्म फाल्गुन महीने में हुआ था. एक महीने बाद ही एक डच (नीदरलैंड) दंपति ने उसे गोद ले लिया और वे मुंबई से होते हुए नीदरलैंड चले गये. आज लगभग चार दशक बाद, वही बालक फाल्गुन बिन्नेनडिक अपनी जन्मदाता मां की तलाश में एक बार फिर नागपुर लौटा है. नीदरलैंड के एक सुरक्षित और प्रेमपूर्ण परिवार में पले-बढ़े फाल्गुन से उनकी गोद लेने की बात कभी छिपाई नहीं गयी.

## श्रद्धा महिला मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**बिलासपुर, 17 जनवरी. श्रद्धा महिला मण्डल, ( एसईसीएल ), बिलासपुर द्वारा आज अपने 20वें स्थापना दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन वसंत क्लब, एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी, बिलासपुर में किया.**

इस अवसर पर मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की समितियों से लगभग 200 सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहीं. विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपाध्यक्षागण—श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती हसीना कुमार, श्रीमती विनीता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र उपस्थित रहीं. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा श्रद्धा महिला



मण्डल की वार्षिक पत्रिका श्रद्धा संगिनी का विधिवत विमोचन किया गया. अपने संबोधन में श्रीमती शशि दुहन ने कहा कि श्रद्धा महिला मण्डल की बीस वर्षों की यह यात्रा सेवा, समर्पण एवं महिलाओं के सामाजिक उत्थान की प्रेरक यात्रा रही है. उन्होंने मण्डल के सभी वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी लगन, प्रतिबद्धता व सामूहिक प्रयास के साथ समाज विशेषकर महिलाओं के कल्याण हेतु कार्य निरंतर जारी रहेगा. कार्यक्रम के दौरान एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मण्डल द्वारा मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों पर्यावरण संरक्षण, स्वरोजगार, महिला स्वावलंबन, स्वछता आदि की विस्तृत जानकारी साझा की गई.

### आज का इतिहास

- 1670 – हेनरी मोरगन ने पानामा पर कब्ज़ा किया।
- 1701– ब्रैडनबर्ग के फ्रेडरिक तृतीय प्रशिया की गद्दी पर बैठे।
- 1778– जेम्स कुक ने हवाई द्वीपसमूह की खोज की और इसे सेंडविच आइलैंड का नाम दिया।
- 1842– महाराष्ट्र के महान विद्वान महादेव गोविंद रानाडे का जन्म।
- 1896 – एक्सरे मशीन का पहली बार प्रदर्शन किया गया।
- 1930 – रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की।
- 1938– राजनीतिक कैदियों का अंतिम जत्था अंडमान और पोर्ट ब्लेयर से मुख्यभूमि के लिए रवाना हुआ।

**बयान से हलचल** ग्रीनलैंड पर टैरिफ की चेतावनी के बाद अमेरिका के मिनियापोलिस में विरोध प्रदर्शन

## समर्थन नहीं करने वालों पर लगेगा टैरिफ : ट्रंप

**वाशिंगटन, 17 जनवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से वैश्विक राजनीति में हलचल तेज हो गई है.**

ग्रीनलैंड मुद्दे पर समर्थन न करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने की चेतावनी के बीच अमेरिका के मिनियापोलिस में आईसीई अभियानों के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं, जिनमें 12 लोगों की गिरफ्तारी हुई. वहीं, ट्रंप ने ईरान द्वारा सामूहिक फांसी की योजना टालने पर असामान्य रूप से सराहना भी की है. इस पर अब ट्रम्प ने खुले तौर पर कहा जो देश ग्रीनलैंड मुद्दे पर समर्थन नहीं करेंगे, उन पर टैरिफ लगा सकता



हूं. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जो देश अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करने की उनकी योजना का समर्थन नहीं करेंगे, वह उन पर टैरिफ लगा सकते हैं. उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के एक आयोजन में कहा, मैं उन देशों पर टैरिफ लगा सकता हूं.

**ईरान ने 800 लोगों की फांसी टाली, शुक्रिया**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक असामान्य कदम उठाते हुए ईरानी सरकार को सैकड़ों राजनीतिक कैदियों को फांसी देने की योजना को टालने के लिये धन्यवाद दिया है. श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैं इस बात की बहुत इज़्ज़त करता हूं कि ईरान के नेतृत्व ने कल होने वाली सभी फांसी (जो 800 से ज़्यादा थीं) रद्द कर दी हैं. आपका धन्यवाद!

**नुकसान के लिये ट्रंप को अपराधी मानते हैं**

**तेहरान.** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को कहा कि उनके देश को हुए नुकसान, उसके अपमान और यहां हुई मौतों के लिये वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक अपराधी मानते हैं। श्री खामेनेई ने कहा, हम ईरान को हुए नुकसान, यहां हुई मौतों और ईरान पर लगाये गये अपमानजनक आरोपों के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति को एक अपराधी मानते हैं.

## ईरान के समर्थन में बगदाद में बड़ा प्रदर्शन

**बगदाद, 17 जनवरी.** ईरान को लेकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ इराक की राजधानी बगदाद में एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों इराकी नागरिकों ने भाग लिया. यह जानकारी स्पुतनिक संवाददाता ने शनिवार को दी. ईराक में हजारों आम नागरिकों और शिया समूहों के समर्थकों ने शुक्रवार को अमेरिकी खतरों के बीच ईरानी क्षेत्र पर हमला करने के खिलाफ बगदाद में ईरानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें ईरान और ईरानी नागरिकों का समर्थन किया. इराकी प्रदर्शकारियों ने अमेरिकी और इजरायली विरोधी नारे लगाए और अमेरिकी और इजरायली झंडे जलाने की कोशिश की.

## पराविद्या विज्ञान व आरोग्य पर वैदिक प्रदर्शनी

**नई दिल्ली 17 जनवरी. 10 से 18 जनवरी 2026 ( इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन ) और फ्यूचर पॉइंट द्वारा संयुक्त तत्वावधान में 10 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक हॉल नंबर 11 भारत मंडपम कम्पलेक्स, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में नक्षत्र प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है.**

यह नक्षत्र का 19वां संस्करण है और वर्ष का सबस. महत्वपूर्ण आयोजन है. नक्षत्र एवं आरोग्यम प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली के सांसद सदस्य माननीय मनोज तिवारी, डॉ. निरज खारवाल मैनेजिंग डायरेक्टर आई. टी. पी. ओ. प्रेमजीत लाल कार्यकारी निदेशक आई. टी. पी. ओ. आईफास के संरक्षक पंडित जय प्रकाश शर्मा लाल धागे वाले,



योतिष विशेषज्ञ एवं आध्यात्मिक गुरु पुर्णात्तम दीक्षित जी, अखिल भारतीय योतिष संस्था संघ के अध्यक्ष डॉ. अरुण बंसल एवं फ्यूचर पॉइंट की निदेशिका श्रीमती आभा बंसल जी के द्वारा किया जायेगा.

इस प्रदर्शनी में योतिष, अंक योतिष, वास्तु, टैरो, हस्तरेखा और तंत्र विद्या क्षेत्र के जाने-माने विद्वान भाग ले रहे हैं. इन सभी विद्वानों को अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल है. हॉल नंबर 11 के सभागार में वैदिक योतिष के विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन सेमिनार ये सभी विद्वान जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे. इस प्रदर्शनी में फ्यूचर पॉइंट द्वारा विकसित योतिष सॉफ्टवेयर लियो स्टार कुंडली पैड ?प मुफ्त दी जाएगी जो प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण होगा. प्रदर्शनी में योतिष, अंक योतिष, वास्तु आदि के ऊत्पादों की प्रदर्शनी लगाई.